>

Title: Need to provide adequate quantity of water at Indrapuri Barrage for Sone Canal in Bihar as per Ban Sagar Agreement.

श्री जगदानंद सिंह (बक्सर): सोन नदी सब बेसिन का समझौता बिहार–उत्तर प्रदेश–मध्य प्रदेश के बीच जल के बंटवारे के लिए हुआ था। समझौते के वक्त जल की उपलब्धता 14 मिलियन एकड़ फुट आंकलित की गई थी। 14 मिलियन एकड़ फुट में से 5.75 मिलियन एकड़ फुट पानी इन्दूपुरी बराज पर पुरानी सोन नहर पूणाली के लिए सुरक्षित मानकर शेष पानी का बंटवारा तीनों राज्यों में आवश्यकता के आधार पर किया गया था।

समझौते के अनुसार 14 मिलियन एकड़ फुट की तय जल उपलब्धता में से किसी तरह की बढ़ोत्तरी एवं घटोत्तरी का प्रभाव सभी राज्यों पर बंटवारे के लिए तय अनुपात में ही प्रभावित होगा। मगर इन्दूपुरी बराज पर पूर्व से उपयोगी जल 5.75 मिलियन एकड़ फीट पानी पर घटते जल उपलब्धता का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अर्थात् हर हालत में तय पानी 5.75 मिलियन एकड़ फीट इन्दूपुरी बराज के लिए सुरक्षित रहेगा एवं बराज के ऊपरी भाग के राज्य 13 हजार क्यूसेक पानी के पूवाह में कोई अवरोध पैदा नहीं करेंगे।

13 हजार क्यूसेक पानी में से पश्चिमी मुख्य नहर को 8.5 हजार क्यूसेक तथा पूर्वी नहर के 4.5 हजार क्यूसेक पानी हर हालत में मिलता रहेगा। 13 हजार क्यूसेक बराज के लिए सुरक्षित जल पूवाह में अवरोध पैदा किया जा रहा है। गत् 6–7 वर्षो सेबराज पर जल पूवाह 5 हजार क्यूसेक से भी कम तथा कभी–कभी दो हजार क्यूसेक पर उतर आता है।

बाण सागर जलाशय में बिहार की हिस्सेदारी एक मिलियन एकड़ फुट है तथा रिहन्द नदी का पानी शत–प्रतिशत बिहार के लिए आवंटित है। मगर दोनों जलाशयों के सुचारू रूप से संचालन न होने से इन्दूपुरी बराज पर जल उपलब्धता तय सीमा से बहुत ही कम प्राप्त होनेसे पूरी सोन–नअर पूणाली प्रभावित हो रही है।

सोन नदी कमीशान की जिम्मेदारी है कि बाण सागर समझौते को उचित परिप्रेक्ष्य में लागू कराये तथा सोन नहर पूणाली के लिए तय जल कीमात्रा तथा तय पूवाह के बनाए रखने की अनिवार्य शर्त को प्रभावित न होने दे।

बिहार राज्य में खाद्यान्न उत्पादन के मुख्य सोन कमांड के इलाके में पानी की कमी ने भयानक परिस्थिति पैदा कर दी है। बाण सागर समझौते के क्रियान्वयन हेतु केन्द्रीय सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं ताकि इन्दूपुरी बराज पर जल उपलब्धता में कोई व्यवधान पैदा न हो।

उपाध्यक्ष महोदय : राजाराम पाल जी, आप ज्यादा लंबा न बोलकर दो मिनट में अपनी बात खत्म कीजिए।

â€¦(व्यवधान)